ont>

Title: Need to release additional funds to State Governments particularly to Government of Haryana for construction of railway over-bridge.

**डॉ. (श्रीमती) सुधा यादव (महेन्द्रगढ) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान रेलवे की एक नीति की तरफ दिलाना चाहती हूं। केन्द्र सरकार प्रदेश सरकारों को ओवर ब्रिज बनाने हेतु केन्द्र से 50 प्रतिशत राशि आबंटित करती है और शो 50 प्रतिशत राशि प्रदेश सरकार देती है। देश के कई प्रदेशों में प्रदेश सरकार द्वारा 50 प्रतिशत राशि न देने के कारण ओवर ब्रिज नहीं बन पा रहे हैं, जिसमें विशोकर हरियाणा में लोगों को बड़ी असुविधा हो रही है। लोगों को जाम में कई घंटे रूकना पड़ता है। जिसके कारण गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को समय पर डाक्टरी सहायता नहीं मिल पाती और छात्रों को परीक्षा के समय कठिनाई आती है।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सरकार ओवर ब्रिज हेतु अधिक से अधिक धनराशि प्रदेश सरकारों को आबंटित करें, जिससे कि हरियाणा और देश के अन्य प्र ादेशों में अधिक से अधिक ओवर ब्रिजों का निर्माण हो सके।